बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

**दिनांक–10.06.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में संपन्न Modernization of Command Area Development & Water Management (MCADWM) योजना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

1. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. ई0 विनय कुमार सिन्हा, अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना।
3. ई0 प्रेमचन्द राम, उप सचिव, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना।
4. ई0 प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना।

सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में M-CADWM योजना अंतर्गत चयनित दो अद्द पायलट प्रोजेक्ट के कार्यो की समीक्षा की गयी तथा निम्नांकित निर्देश दिये गये :–

1. बैठक में अधीक्षण अभियता द्वारा बताया गया कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के कैड–विंग के द्वारा M-CADWM योजना अंतर्गत Secondary & Tertiary Pipeline हेतु HDPE Pipe के स्थान पर PVC-O Pipe के उपयोग की प्राप्त सशर्त्त स्वीकृति के आलोक में परामर्शी महाना वेन्चर्स, भोपाल को PVC-O Pipe का प्रावधान कर Secondary & Tertiary Pipeline Network को Redesign करते हुए Revised DDR तैयार कर स्वीकृति हेतु संबंधित मुख्य अभियंता के कार्यालय में दिनांक–10.06.2026 तक समर्पित करने के संबंध में निदेशित किया गया था, जिसका अनुपालन उनके द्वारा नहीं किया गया है।

   परामर्शी द्वारा Revised DDR निर्धारित तिथि तक समर्पित नहीं किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा परामर्शी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया।

   **(अनुपालन – अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना)**

2. परामर्शी के लम्बित राशि के भुगतान के संबंध में बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमण्डल, रतवारा के द्वारा रू0 28.91 लाख तथा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, छपरा के द्वारा रू0 25.901 लाख का विपत्र तैयार किया गया है, जिसे सायबर ट्रेजरी के माध्यम से पी0एफ0ए0एस0 में समर्पित किया गया है।

   निदेश दिया गया कि वित्त विभाग से सम्पर्क कर परामर्शी के लम्बित विपत्रों का भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

   **(अनुपालन – कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमण्डल, रतवारा एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, छपरा)।**

3. Water User Society (WUS) के गठन के संबंध में बताया गया कि संबंधित कार्यपालक अभियंता के द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर जीविका के साथ बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें जीविका के द्वारा जून माह के अंत तक WUS के पंजीकरण की कार्रवाई किये जाने के संबंध मे आश्वस्त किया गया है।

   निदेश दिया गया कि जीविका के साथ समन्वयय स्थापित कर WUS का पंजीकरण तथा M-CADWM योजना के SOP-S2 के आलोक में आवश्यक एकरारनामा करना सुनिश्चित किया जाय।

   **(अनुपालन – मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी/सिवान एवं अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर/सारण नहर अंलच, छपरा/कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमण्डल, रतवारा एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, छपरा)।**

11/06/26

सचिव

जल संसाधन विभाग

ज्ञाप सं0:–क0 / योजना–03 / 2026– 279 / पटना, दिनांक– 15/06/26

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी / सिवान, अधीक्षण अभियंता, तिरहुत नहर अंचल, मुजफ्फरपुर / सारण नहर अंलच, छपरा, अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना, कार्यपालक अभियंता, तिरहुत नहर प्रमण्डल, रतवारा एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि बैठक में प्राप्त निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञाप सं0:–क0 / योजना–03 / 2026– 279 / पटना, दिनांक– 15/06/26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांकः–क0 / योजना–03 / 2026– 279 / पटना, दिनांक– 15/06/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/6/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय